ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिहार कृषि विश्वविद्यालय
सबौर, बिहार

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 31-05-2024

नालंदा(बिहार) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-05-31 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-06-01	2024-06-02	2024-06-03	2024-06-04	2024-06-05
वर्षा (मिमी)	0.0	5.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	40.0	39.0	39.0	39.0	39.0
न्यूनतम तापमान(से.)	28.0	28.0	27.0	27.0	27.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	85	75	75	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	25	20	15	15
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	15	15	12	10	12
पवन दिशा (डिग्री)	70	80	70	120	120
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	6	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

• भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, 01 से 02 जून के दौरान जिले के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा/ बूंदा बांदी, मेघ- गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना हैं। इसके बाद 03 से 05 जून आसमान प्राय: साफ एवं मौसम शुष्क रहने की संभावना हैं। • अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में 02-03 डिग्री सेंटीग्रेड की कमी होने की संभावना हैं। अधिकतम तापमान 35-37 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 22-24 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है। • सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 70 से 75 प्रतिशत तथा दोपहर में 25 से 30 प्रतिशत रहने की संभावना है। • पूर्वानुमान की अवधि में 12 किमी/घंटा की रप्तार से पूरबा हवा चल सकती है।

सामान्य सलाहकार:

पूर्वानुमानित अवधि में वर्षा की संभावना को देखते हुए खड़ी फसलों में सिंचाई स्थगित करें। कीटनाशक दवा एवं खाद का छिडकाव मौसम साफ रहने पर ही करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आकाशीय बिजली से सुरक्षा हेतु अलर्ट हेतु "दामिनी" मोबाइल ऐप डाउनलोड करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मक्का	खरीफ मक्का की बुआई के लिए खेत की तैयारी आसमान साफ रहने पर ही करें। खेत की जुताई में 10 से 15 टन गोबर की सड़ी खाद प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करें। बुआई के समय प्रति हेक्टेयर 30 किलो नेत्रजन, 60 किलो स्फुर एवं 50 किलो पोटाश का व्यवहार करें। मक्का की अनुशंसित सुआन, देवकी, शक्तिमान-1, शक्तिमान-2, राजेन्द्र संकर मक्का-3, गंगा-11 है।
चावल	आसमान साफ रहने पर धान की नर्सरी स्थापित करें। देर से पकने वाली धान की किस्में राजश्री, राजेंद्र मंसूरी, राजेंद्र श्वेता, किशोरी, स्वर्ण, स्वर्ण सब-1 वीपीटी-5204,सत्यम आदि की नर्सरी 25 मई से स्थापित कर

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	सकते हैं ।स्वस्थ पौध के लिए नर्सरी में सड़ी हुई गोबर की खाद का व्यवहार करे। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में रोपाई हेतु 800- 1000 बर्ग मीटर क्षेत्रफल में बीज गिरावें। नर्सरी में क्यारी की चौडाई 1.25-1.5 मीटर एवं लम्बाई सुविधानुसार रखें। प्रमाणित बीजों का प्रयोग करें तथा बुआई से पूर्व उपचारित करना सुनिश्चित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
भिण्डी	भिंडी की फसल में फल एवं प्ररोह वेधक कीट की निगरानी करें। इसके पिल्लू भिंडी फलों के अन्दर छेद बनाकर उसके अन्दर घुसकर फलों को खाते हैं तथा इसे पूरी तरह नष्ट कर देते है। इसकी रोक-थाम के लिए सर्वप्रथम प्रभावित फलों को तोड़कर मिट्टी के अन्दर दबा दें। अधिक नुकसान होने पर डाईमेथोएट 30 ई0सी0 दवा का 1.5 मि0ली0 प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव आसमान साफ रहने पर ही करें। लत्तर वाली सब्जियों में फल मक्खी कीट की निगरानी करें।
लीची	लीची तोड़ने के बाद लीची के बाग की जुताई कर खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करे। प्रति प्रौढ़ पेड़ 60 से 80 किलोगा्रम कम्पोस्ट अथवा गोबर की सड़ी खाद, 2.5 किलोगा्रम यूरिया, 1.5 किलोगा्रम सिंगल सुपर फॉसफेट, 1.3 किलोग्राम म्युरेट आॅफ पोटाश तथा 50 ग्राम सुहागा के मिश्रण को पेड़ के पूरे फैलाव में आसमान साफ रहने पर समरुप बिछा कर मिट्टी में मिला दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	मई के अंत तक गलाघोटू एवं लंगड़ी रोग से बचाव के लिए पशुओं को टीकाकरण कराने की आवश्यकता है। सभी दुधारू पशुओ में टीकाकरण अवश्य कराये।